# PERIODIC TEST-2

# HINDI B

## Class 10 - Hindi B

**Time Allowed: 3 hours** **Maximum Marks: 80**

**खंड अ**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[5]**

आज की नारी संचार प्रौद्योगिकी, सेना, वायुसेना, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, विज्ञान वगैरह के क्षेत्र में न जाने किन-किन भूमिकाओं में कामयाबी के शिखर छू रही है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जहाँ आज की महिलाओं ने अपनी छाप न छोड़ी हो। कह सकते हैं कि आधी नहीं, पूरी दुनिया उनकी है। सारा आकाश हमारा है। पर क्या सही मायनों में इस आज़ादी की आँच हमारे सुदूर गाँवों, कस्बों या दूरदराज के छोटे-छोटे कस्बों में भी उतनी ही धमक से पहुँच पा रही है? क्या एक आज़ाद, स्वायत्त मनुष्य की तरह अपना फैसला खुद लेकर मज़बूती से आगे बढ़ने की हिम्मत है उसमें?

बेशक समाज बदल रहा है मगर यथार्थ की परतें कितनी बहुआयामी और जटिल हैं जिन्हें भेदकर अंदरूनी सच्चाई तक पहुँच पाना आसान नहीं। आज के इस रंगीन समय में नई बढ़ती चुनौतियों से टकराती स्त्री की क्रांतिकारी आवाजें हम सबको सुनाई दे रही हैं, मगर यही कमाऊ स्त्री जब समान अधिकार और परिवार में लोकतंत्र की अनिवार्यता पर बहस करती या सही मायनों में लोकतंत्र लाना चाहती है तो वहाँ इसकी राह में तमाम धर्म, भारतीय संस्कृति, समर्पण, सहनशीलता, नैतिकता जैसे सामंती मूल्यों की पगबाधाएँ खड़ी की जाती हैं। नारी की सच्ची स्वाधीनता का अहसास तभी हो पाएगा जब वह आज़ाद मनुष्य की तरह भीतरी आज़ादी को महसूस करने की स्थितियों में होगी।

I. नारी की वास्तविक आज़ादी कब होगी?

i. जब वह भीतरी आज़ादी को महसूस कर पाएगी
ii. जब वह बाहरी आज़ादी को महसूस कर पाएगी
iii. जब वह भीतरी आज़ादी को महसूस नहीं कर पाएगी
iv. जब वह किसी भी आज़ादी को महसूस नहीं कर पाएगी

II. नैतिकता शब्द से प्रत्यय अलग करके मूलशब्द भी लिखिए।

i. नीति + कता
ii. नैतिक + ता
iii. नै + तिकता
iv. नीति + इकता

III. कैसे कहा जा सकता है कि आधी दुनिया नहीं बल्कि पूरी दुनिया महिलाओं की है?

i. क्योंकि आज की महिला स्वतंत्र है
ii. क्योंकि आज महिला ने आज़ादी को महसूस किया है
iii. क्योंकि आज महिला हर क्षेत्र में आगे है
iv. क्योंकि आज महिला की सोच स्वतंत्र है

IV. नारी सही मायनों में क्या लाना चाहती है?

i. समाजतंत्र
ii. राजतंत्र
iii. लोकतंत्र
iv. शाहीतंत्र

V. गद्यांश के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक है -

i. नारी
ii. स्वतंत्र नारी
iii. आज की नारी
iv. आधुनिक नारी

2. **निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर 5 प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[5]**

प्रकृति की ताकत के सामने इंसान कितना बौना है, यह कुछ समय पहले फिर सामने आया। यों प्रकृति सहनशीलता, धैर्य, अनुशासन की प्रतिमूर्ति के रूप में हमारा पथ-प्रदर्शन करती है, हमारे भीतर संघर्ष का भाव जगाकर समस्या के हल के लिए उत्प्रेरक का काम करती है, लेकिन जब भी इंसान ने खुद को जीवन देने वाले प्रकृति प्रदत्त उपहारों, जैसे-जल, जंगल और जमीन का शोषण जोंक की भाँति करने की कोशिश की, तब चेतावनी के रूप में प्रकृति के अनेक रंग देखने को मिले हैं। जल का स्वभाव है अविरल प्रवाह, जिसे बाँधना वर्तमान समय में मनुष्य की फितरत बन गई है। वनों ने हमेशा मनुष्य को लाभ ही दिया, लेकिन स्वार्थ में अंधे मनुष्य ने वनों को बेरहमी से उजाड़ने, पेड़ों को काटने में कभी संकोच नहीं किया। नदियों की छाती को छलनी कर अवैध खनन के रोज नए रिकॉर्ड बनाना इंसान का स्वभाव बन चुका है। पहाड़ों को खोदकर अट्टालिकाएँ खड़ी करने में हमें कोई हिचक नहीं होती। पृथ्वी के गर्भ से भू-जल, खनिज, तेल आदि को अंधाधुंध या बेलगाम तरीके से निकाले जाने का सिलसिला जारी है। इसलिए नतीजे के तौर पर अगर हर साल तबाही का सामना करना पड़े तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए।

हमें याद रखना होगा कि जब भी प्रकृति अपना अनुशासन तोड़ती है, तब भारी तबाही का मंजर ही सामने आता है। आज जरूरत इस बात की नहीं कि हम इतिहास का दर्शन कर खुद को अभी भी पुरानी हालत और रवैए में रहने दें, बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रकृति के इस रूप को गंभीरता से लेते हुए अपने आचरण में यथोचित सुधार करें और प्रकृति की सीमा का अतिक्रमण न करें।

i. प्रकृति की ताकत के सामने मानव कब बौना हो जाता है?
ii. प्रकृति के अनुशासन तोड़ने का क्या परिणाम होता है?
iii. प्रकृति हमारे लिए किस प्रकार लाभदायक है?
iv. प्रकृति के अनेक रंग कब देखने को मिले हैं?
v. इस गद्यांश के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश दिया है?
vi. उपरोक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[4]**

(i) किस वाक्य का रेखांकित पदबंध विशेषण पदबंध है?

a) **परिश्रम करने वाले लोग** सफल हैं। b) बच्चा **बहुत जोर से** चिल्लाया।

c) मैं रोज़ रात को मंदिर **जाया करता था।** d) **मेरा छोटा** बेटा कल वापस आ रहा है।

(ii) **चोट खाए हुए तुम** भला क्या खेलोगे? रेखांकित पदबंध का नाम है-

a) संज्ञा पदबंध b) विशेषण पदबंध

c) क्रिया विशेषण पदबंध d) सर्वनाम पदबंध

(iii) **बिजली-सी फुर्ती दिखाकर अपने** बालक को गिरने से बचा लिया। - रेखांकित वाक्य में कैसा पदबंध है?

a) क्रिया पदबंध b) संज्ञा पदबंध

c) विशेषण पदबंध d) सर्वनाम पदबंध

(iv) वह बाजार की ओर **आया होगा**। - रेखांकित पद में कैसा पदबंध है?

a) क्रिया पदबंध b) संज्ञा पदबंध

c) क्रिया विशेषण पदबंध d) विशेषण पदबंध

(v) **इतनी मेहनत से हमने** पेड़ लगाए थे शरारती बच्चों ने सब उखाड़ दिए। रेखांकित वाक्य में कैसा पदबंध है?

a) क्रिया पदबंध b) संज्ञा पदबंध

c) सर्वनाम पदबंध | d) क्रिया-विशेषण पदबंध

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[4]**

(i) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य की पहचान कीजिए-

a) यद्यपि कल छुट्टी है, इसलिए बाज़ार बंद रहेगा। | b) जब छुट्टी होगी, तब बाज़ार बंद रहेगा।

c) छुट्टी होने के कारण बाज़ार बंद रहेगा। | d) कल छुट्टी है अतः बाज़ार बंद रहेगा।

(ii) इन वाक्यों में से सरल वाक्य की पहचान कीजिए-

a) सोहन ने अपने मित्र को बुलाया। | b) अपने मित्र को, सोहन ने बुलाया।

c) सोहन ने बुलाया अपने मित्र को। | d) अपने मित्र को बुलाया, सोहन ने।

(iii) इन वाक्यों में से मिश्रित या मिश्र वाक्य की पहचान कीजिए-

a) परिश्रम करो, सफल हो जाओगे। | b) परिश्रम करने वाले अवश्य सफल होते हैं।

c) सफलता के लिए परिश्रम आवश्यक है। | d) जो परिश्रम करते हैं, वे अवश्य सफल होते हैं।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य की पहचानिये -

a) बुद्धिमान व्यक्ति का सब आदर करते हैं। | b) सब बुद्धिमान हैं और व्यक्ति का आदर करते हैं।

c) सब करते हैं, आदर बुद्धिमान व्यक्ति का। | d) सब व्यक्ति हैं इसलिए बुद्धिमान का आदर करते हैं।

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्रित या मिश्र वाक्य की पहचान करो -

a) तुम बस रूकने की जगह चले जाओ। | b) तुम उस जगह चले जाओ, जहाँ बस रूकती है।

c) तुम बस रोको और उस स्थान पर चले जाओ। | d) बस रूके और तुम उस स्थान पर चले जाना।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[4]**

(i) कौन-सा शब्द **बहुव्रीहि** समास का उचित उदाहरण है?

a) त्रिभुवन | b) पुरुषसिंह

c) निशिदिन | d) पंचानन

(ii) **नीलकमल** में कौन-सा समास है?

a) बहुव्रीहि | b) कर्मधारय

c) द्विगु | d) तत्पुरुष

(iii) **जितेन्द्रिय** में कौन-सा समास है?

a) बहुव्रीहि | b) तत्पुरुष

c) द्वन्द्व | d) कर्मधारय

(iv) **नरोत्तम** में कौन-सा समास है?

a) अव्ययीभाव | b) तत्पुरुष

c) द्वंद्व | d) कर्मधारय

(v) **युद्धिष्ठिर** में कौन-सा समास है?

a) तत्पुरुष | b) बहुव्रीहि

c) अलुक् | d) कर्मधारय

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[4]**

(i) निम्न में कौन-सा मुहावरा **नहीं** है?

a) उल्लू बनाना
b) कमर टूटना
c) आस्तीन का साँप
d) हाथ कंगन को आरसी क्या

(ii) सारे मौहल्ले वाले तुम्हारी ________ रहे हैं। भलाई इसी में है कि तुम चुपचाप यहाँ से खिसक जाओ। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए-

a) ताकत के कायल
b) जान का प्यासा होना
c) बाजी लगा देने वाला
d) जान लेने को तत्पर

(iii) रात के अँधेरे में मुसाफिरों को डाकुओं ने घेर लिया। बेचारे मुसाफिरों की ________ गए। सब कुछ छीन लिया तब बड़ी मुश्किल से छोड़ा। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए-

a) गला में हड्डी फसना
b) जान के लाले पड़ना
c) खून बहाना
d) मन पर साँप लोटना

(iv) एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हार के बाद विरोधी टीम के ________ सदस्यों के गए हैं।

a) चेहरा सफेद पड़ना
b) चेहरा मुरझाना
c) चेहरा खिलना
d) इनमें से कोई नहीं

(v) बीमारी ने मोहन को लोगों के सामने ________ मजबूर कर दिया। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए-

a) आवाज़ उठाना
b) अपना उल्लू सीधा करना
c) हाथ फैलाना
d) आँखें फेर लेना

7. **निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[4]**

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार वारिद के पर!
रव-शेष रह गए हैं निर्झर!
है टूट पड़ा भू पर अंबर!
धँस गए धरा में सभय शाल!
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!
-यों जलद-यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल

I. बादलों के विमान में कौन घूम रहा है?

i. बादल
ii. पानी
iii. इन्द्र
iv. आकाश

II. पर्वत एकटक किसे निहार रहे हैं?

i. आकाश को
ii. पानी को
iii. झरने को
iv. प्रकृति को

III. 'रव-शेष रह गए हैं निर्झर!' का क्या तात्पर्य है?

i. सब कुछ शांत हो जाना

ii. बारिश का होना

iii. सब कुछ समाप्त हो जाना

iv. केवल पानी की आवाज का रह जाना

IV. तालाब के ऊपर धुएं का उठना किसका प्रतीक है?

i. ताल के जलने का

ii. धुंध छाने का

iii. जादू के खेल का

iv. इन्द्र के घूमने का

8. **ऊँचा-ऊँचा महल बणावं बिच-बिच राखू बारी** से क्या तात्पर्य है? **[1]**

a) श्रीकृष्ण के ऊँचे-ऊँचे महल के बीच में खड़े होने की बारी मेरी है

b) मीरा श्रीकृष्ण के ऊँचे महल के बीच फुलवारी बनाएगी

c) श्रीकृष्ण के ऊँचे-ऊँचे महल के बीच में पहरेदार रखेंगे

d) श्रीकृष्ण ऊँचे महलों में मुझे रखेंगे

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **[5]**

बाइबिल के सोलोमन जिन्हें कुरआन में सुलेमान कहा गया है, ईसा से 1025 वर्ष पूर्व एक बादशाह थे। कहा गया है, वह केवल मानव जाति के ही राजा नहीं थे, सारे छोटे बड़े पशु-पक्षी के भी हाकिम थे। वह इन सबकी भाषा भी जानते थे। एक दफा सुलेमान अपने लश्कर के साथ एक रास्ते से गुजर रहे थे। रास्ते में कुछ चीटियों ने घोड़ों की टापों की आवाज सुनी तो डर कर एक-दूसरे से कहा, 'आप जल्दी से अपने-अपने बिलों में चलो, फ़ौज आ रही है।' सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूर पर रुक गए और चीटियों से बोले, 'घबराओ नहीं, सुलेमान को खुदा ने सबका रखवाला बनाया है। मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ, सबके लिए मुहब्बत हूँ।'
चीटियों ने उनके लिए ईश्वर से दुआ की और सुलेमान अपनी मंजिल की ओर बढ़ गए।

I. सुलेमान सबके राजा थे। कैसे?

i. वह पूरी मानव जाति के राजा थे

ii. वह सब पर जुल्म करते थे

iii. वे मनुष्य और पशु-पक्षियों के रखवाले थे

iv. वे युद्ध लड़ते थे

II. खुदा ने सुलेमान को किसका रखवाला बनाया था?

i. सारे जीव-जंतुओं का

ii. चीटियों का

iii. मानव जाति का

iv. अपने परिवार का

III. सुलेमान किधर से गुजर रहे थे?

i. मैदान से

ii. रास्ते से

iii. घर से

iv. पानी से

IV. चीटियाँ क्यों डर गईं?

i. फौज के आने का सुनकर

ii. सुलेमान को देखकर

iii. घोड़े के टाप की आवाज से

iv. रखवाले को देखकर

V. सुलेमान ने चीटियों की बात क्यों सुन ली?

i. क्योंकि खुदा ने उनको सबका रखवाला बनाया था
ii. क्योंकि चीटियाँ जोर से बात कर रहीं थी
iii. क्योंकि वे सबके लिए मुसीबत थे
iv. क्योंकि वे चीटियों की भाषा जानते थे

10. **तीसरी कसम** पाठ के आधार पर लेखक को फिल्मों में रूचि कब पैदा हुई? **[1]**

a) बचपन से
b) स्कूल में
c) स्नातक में
d) इनमें से कोई नहीं

11. **तीसरी कसम** फ़िल्म को कौन-से पुरस्कार मिले? **[1]**

a) राष्ट्रपति से स्वर्ण पदक
b) सभी विकल्प सही हैं
c) मास्को फ़िल्म फेस्टिवल से
d) सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म बंगाल फ़िल्म एसोसिएशन जर्नलिस्ट से

12. स्वयं के लिए जीवित रहना कौन सी प्रवृति है ? **[1]**

a) मानव प्रवृत्ति
b) पशुप्रवृत्ति
c) आत्मप्रवृत्ति
d) स्वार्थप्रवृत्ति

**खंड – ब**

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये: **[6]**

(i) लेखक के घर में खिड़की के बाहर दोनों कबूतर उदास क्यों बैठे रहते थे? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।
(ii) बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है?
(iii) तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद कहाँ गया? वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये: **[6]**

(i) अंग्रेजी शासन काल और स्वतंत्रता के बाद कंपनी बाग की स्थिति में क्या बदलाव आया है? तोप कविता के आधार पर बताइए।
(ii) उठ रहा धुआँ, जल गया ताल! कवि ने ऐसा क्यों कहा है? **पर्वत प्रदेश में पावस** कविता के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।
(iii) कबीर ने **ईश्वर प्रेम** को किस प्रकार समझाया है?

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: **[6]**

(i) **सपनों के से दिन** पाठ में पीटी सर की किन चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख किया गया है? वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में स्वीकृत मान्यताओं और पाठ में वर्णित युक्तियों के सम्बन्ध में अपने विचार जीवन मूल्यों की दृष्टि से व्यक्त कीजिए।
(ii) **स्कूल हमारे लिए ऐसी जगह न थी जहाँ खुशी से भागे जाएँ** फिर भी सपनों के-से दिन पाठ के लेखक और साथी स्कूल क्यों जाते थे? आज के स्कूलों के बारे में आपकी क्या राय है? क्यों विस्तार से समझाइए।
(iii) अंत में हरिहर काका द्वारा जमीन के सन्दर्भ में लिया जाने वाला निर्णय क्या था और वह परिवार के मूल्यों को किस परिस्थिति में प्रभावित करता है और कैसे? यह स्थिति हर व्यक्ति को क्या संदेश प्रदान करती है?

16. **आज की बचत कल का सुख** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

- बचत का अर्थ एवं स्वरूप
- दु:खदायक स्थितियों में बचत का महत्त्व
- वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित करना

OR

**शिक्षक-शिक्षार्थी संबंध** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

- संबंधों की परंपरा
- वर्तमान समय में आया अंतर

- हमारा कर्तव्य

17. आपका टेलीफोन लगभग पंद्रह दिनों से खराब है। इसकी शिकायत करते हुए महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक को पत्र लिखिए। **[5]**

OR

दिनों-दिन महँगाई बढ़ती जा रही है। ऐसे में आम आदमी का जीना मुश्किल होता जा रहा है। बढ़ती महँगाई की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराने के लिए दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

18. विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह के आयोजन के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए एक सूचना तैयार कीजिए। **[4]**

OR

आपके विद्यालय में दाँतों के डॉक्टरों द्वारा कैंप लगाया गया है। आप न्यू इरा विद्यालय के सचिव हैं। सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए 25-30 शब्दों में सूचना लिखिए।

19. कोचिंग सेंटर हेतु एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में बनाइए। **[4]**

OR

सुंगधित पदार्थ हेतु एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में बनाइए।

20. **गंगा और मैं** विषय पर एक लघुकथा लिखिए। **[5]**

OR

**परीक्षा संकट में फंसा बेचारा विद्यार्थी** विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।